विषय कोड : 
Subject Code : **103**

प्रश्न पुस्तिका क्रमांक
Question Booklet Serial No.
**103-1026461**

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड
Question Booklet
Set Code
**A**

# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION
# 2024 - (ANNUAL)
# SIL HINDI (NLH)
# द्वितीय भारतीय भाषा - हिन्दी

कुल प्रश्नों की संख्या : 100 + 3 = 103
**Total No. of Questions : 100 + 3 = 103**

कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 07
**Total No. of Printed Pages: 07**

(समय: 3 घंटे 15 मिनट)
| Time: 3 Hours 15 Minutes |

(पूर्णांक : 100)
[ Full Marks : 100 ]

BY Ashfaque Sir
A Online Solution

## खण्ड – अ

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर-पत्रक पर चिह्नित करें। 50 × 1 = 50

**1. ईर्ष्या की बेटी किसे कहा गया है ?**
(A) चिंता को (B) गुणगान को
(C) निंदा को (D) किसी को नहीं

**2. नीत्से ने बाजार की मक्खियाँ किसे कहा है ?**
(A) निंदक को (B) प्रशंसक को
(C) चिंतक को (D) किसी को नहीं

**3. सपूत शब्द का प्रयोग किसके लिए हुआ है ?**
(A) धनी (B) गरीब
(C) कर्मवीर (D) आत्मप्रशंसी

**4. किसके माता पिता उसकी पढ़ाई के लिए राजी नहीं थे**
(A) कदम (B) जैनब
(C) गुड़िया (D) सोनी

**5.'राह भटके हिरण के बच्चे' कविता के रचयिता है -**
(A) नरोत्तमदास (B) कबीरदास
(C) डॉ० नि० (वियतनाम) (D) सुभद्रा कुमारी चौहान

**6. मृत्यु के समय रानी लक्ष्मी बाई की उम्र क्या थी ?**
(A) 30 वर्ष (B) 25 वर्ष
(C) 23 वर्ष (D) 27 वर्ष

**7.'बच्चे की दुआ' कविता के लेखक कौन है ?**
(A) शंकर शैलेन्द्र (B) महादेवी
(C) मो० इकबाल (D) कबीर

**8. कर्पूरी ठाकुर पहली बार किस जेल में गए ?**
(A) पटना जेल (B) बेउर जेल
(C) दरभंगा जेल (D) गया जेल

**9. किस कवि का भावबोध न सिर्फ तत्कालीन समय से जुड़ता है, बल्कि समकालीन समय में भी उनकी उपादेयता यथावत है ?**
(A) बिहारी (B) दिनकर
(C) कबीर (D) तुलसी

**10. बालगोबिन भगत कहाँ आसन जमा बैठते थे ?**
(A) घर के अंदर (B) घर के बाहर
(C) घर के आंगन में (D) मन्दिर में

**11. प्रेमचन्द द्वारा लिखित कहानी का नाम क्या है ?**
(A) खेमा (B) ठेस
(C) ईदगाह (D) दीनबन्धु निराला

**12 . कसारा ने खेमा को किस लिए फटकारा ?**
(A) चप्पल मांगने पर (B) चाय गिराने पर
(C) चाय न देने पर (D) चीनी कम डालने पर

**13. गद्य साहित्य की नई विद्या है ?**
(A) एकांकी (B) डायरी
(C) कविता (D) रेखाचित्र

**14. स्कूल में संजू किस चीज की तलाश में रहती है ?**
(A) चटपटी पुस्तक (B) कहानी की पुस्तक
(C) कॉमिक्स (D) कविता की पुस्तक

**15. अहिंसा के पक्ष में अपने कथानक का मार्मिक विकास करती है ?**

(A) अशोक का शस्त्र त्याग (B) हौसले की उड़ान
(C) झाँसी की रानी (D) दीनबंधु निराला

**16. अशोक कलिंग की राजकुमारी पदमा पर शास्त्र नही चलते है क्योंकि वह -**

(A) राजकुमारी थी (B) स्त्री थी
(C) कमजोर थी (D) युद्ध नही जानती थी

**17. बालगोबिन भगत को लोग क्या कहते थे ?**

(A) अधर्मी (B) साधु
(C) ढोंगी (D) आलसी

**18. हुंडरू का पानी किस तरह चक्कर काटता है ?**

(A) घोड़े की तरह (B) साँप की तरह
(C) शेर की तरह (D) नर्तक की तरह

**19. हुंडरू का जलप्रपात यात्रा वृतांत किनकी रचना है ?**

(A) कामता प्रसाद सिंह (B) प्रेमचंद
(C) रामवृक्ष बेनीपुरी
(D) अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध

**20. भगवद विभूतियाँ किन्हें खूब मिली थीं ?**

(A) नेपालीजी को (B) निरालाजी को
(C) प्रेमचन्दजी को (D) बिहारीलाल को

**21. फनीश्वरनाथ 'रेणु' की कहानी है ?**

(A) ईदगाह (B) बालगोबिन भगत
(C) ठेस (D) हुंडरू का जलप्रपात

**22. मोहर छाप वाली धोती कितने में आती है ?**

(A) आठ रुपए (B) दस रुपए
(C) बारह रुपए (D) पन्द्रह रुपए

**23. दस हजार छात्र और एक हजार अध्यापक कहाँ थे ?**

(A) तक्षशिला विश्वविद्यालय में
(B) नालंदा विश्वविद्यालय में
(C) विक्रमशिला विश्वविद्यालय में
(D) पटना विश्वविद्यालय में

**24. याचकों के लिए तो कल्पतरु थे ही, अपने मित्रों के लिए मुक्तहस्त दोस्त-परस्त कौन थे ?**

(A) रामधारी सिंह दिनकर (B) कर्पूरी ठाकुर
(C) बेढव बनारसी (D) दीनबंधु निराला

**25. वंचितों का टोला कैसा है ?**

(A) स्वच्छ (B) सुगंधित
(C) दुर्गन्धमय (D) वीरान

**26. खेमा शीर्षक कहानी के केंद्र में है ?**

(A) बाल विवाह (B) बेमेल विवाह
(C) बाल मजदूरी (D) विधवा विवाह

**27. बेलूर मठ कहाँ है?**

(A) कोलकाता (B) मद्रास
(C) मुंबई (D) बेंगलोर

**28.लुकमान नाम था एक ?**

(A) हकीम का (B) कसेरा का
(C) दवा का (D) सुई का

**29. दंत चिकित्सक ने लेखक से प्रति दांत तोड़ने की फ़ीस कितनी बताई ?**

(A) दो रूपये (B) सात रूपये
(C) दस रूपये (D) तीन रूपये

**30.लिफ्ट के ऊपर only for officers कहाँ लिखा था ?**

(A) मॉल में (B) अस्पाताल में
(C) देवालय में (D) सचिवालय

**31. तू जिन्दा है तो .......... कविता के रचयिता कौन हैं ?**

(A) बिहारी (B) शंकर
(C) मो० इकबाल (D) कबीर

**32. हामिद कितने साल का था ?**

(A) दो – तीन साल (B) तीन – चार साल
(C) चार – पांच साल (D) पांच – छ: साल

**33. खाकी वर्दी और लाल पगड़ी वाला कंधे पर बंदूक रखे सिपाही कौन लेता है?**

(A) महमूद (B) मोहसिन
(C) नूर (D) हामिद

**34. आज जितने देश फूले –फले हैं |वहाँ कौन डेरा डाले हुए है ?**

(A) बुद्धि (B) विघा
(C)धन – वैभव (D) सभी

**35. कवि 'हरिऔध' का पूरा नाम है -**

(A) अयोध्या सिंह हरिऔध
(B) अयोध्या सिंह उपाध्याय
(C) अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध
(D) हरिऔरध सिंह उपाध्याय

**36. गंगा स्नान करने बालगोबिन भगत कितनी दूर पैदल जाते थे ?**

(A) पांच कोस (B) दस कोस
(C) बीस कोस (D) तीस कोस

**37. हिरण के बच्चे के लिए कौन दुखी था ?**

(A) उसकी माँ (B) उसके दोस्त
(C) कवी (D) उसके दुश्मन

By Ashfaq Sir A A Online Solution

**38. छोटा नागपुर के निवासी किसके अवतार है ?**

(A) सादगी के (B) शैतान के
(C) गरीबी के (D) किसी के भी नहीं

**39. लेखक को हुंडरू जलप्रपात के वातावरण की सुन्दरता ऐसी मालूम होता हैमानो हम .... के समीप पहुँच गए |**

(A) भूलोक (B) देवलोक
(C) इन्द्रलोक (D) स्वर्गलोक

**40. किस कवि के दोहे गागर में सागर है ?**

(A) कबीर के (B) बिहारी के
(C) तुलसी के (D) नेपाली के

**41. फणीश्वर नाथ रेणु कैसे कलाकार थे ?**

(A) मस्तमौला (B) खतरनाक
(C) लॉकमन के मर्मज्ञ (D) इनमें से कोई नहीं

**42. लोग किसको बेकार ही नहीं 'बेगार' समझते हैं ?**

(A) लेखक को (B) सिरचन को
(C) बालगोबिन भगत को (D) मानू दीदी को

**43. लव पे आती है दुआ बनके तमन्ना मेरी जिन्दागी शमा की ........... हो खुदाया मेरी**

(A) मूरत (B) सूरत
(C नीयत (D) जीनत

**44. अशोक कहाँ के सम्राट थे ?**

(A) मगध (B) कलिंग
(C अवध (D) कौशल

**45. किस युद्ध के बाद अशोक युद्ध न करने का संकल्प लेते हैं ?**

(A) मगध युद्ध (B) मेवाड़ युद्ध
(C कलिंक युद्ध (D) दक्षिण युद्ध

**46. यशस्वी साहित्यकार रामधारी सिंह 'दिनकर' का संबंध किस राज्य से है ?**

(A) बिहार (B) उत्तरप्रदेश
(C पं० बंगाल (D) उड़ीसा

**47. ईर्ष्या से बचने का उपाय ....... अनुशासन है -**

(A) मानसिक (B) शारीरिक
(C कठोर (D) बाह्य

**48. विक्रमशिला किस जिला में अवस्थित है ?**

(A) कहलगाँव (B) मुंगेर
(C नालन्दा (D) भागलपुर

**49. पुरातात्विक खनन में कितने फीट की भूमि स्पर्श मुद्रा में भगवान बुद्ध की प्रतिमा प्राप्त हुई है ?**

(A) तीन फीट (B) चार फीट
(C साढ़े चार फीट (D) पाँच फीट

**50. तुर्की ने किस शताब्दी में विक्रमशिला पर आक्रमण किया था ?**

(A) 11वीं (B 12वीं
(C 13वीं (D) 8वीं

**51. पीपल कैसी कविता है ?**

(A) छायावादी (B) प्रगतिवादी
(C प्रयोगवादी (D) इनमें से कोई नहीं

**52. रो-रोकर रात गुजरता है-**

(A) मोर (B) चकोर
(C कौआ (D) बुलबुल

**53. निराला जी सच्चे अर्थो में किसके मित्र थे ?**

(A) दीन-दुखियों के (B) अमीरों के
(C कवियों के (D) कथावाचकों के

**54. 'आजाद दस्ता' का गठन किसने किया ?**

(A) कर्पूरी ठाकुर ने (B) जयप्रकाश नारायण ने
(C जगदीश ने (D) गाँधी जी ने

**55. कदम बड़ी होकर क्या बनना चाहती है ?**

(A) डॉक्टर (B) लेखिका
(C इन्जीनियर (D) खिलाड़ी

**56. कर्पूरी ठाकुर पहली विधानसभा चुनाव किस पार्टी से लड़े ?**

(A) जनसंघ (B) कांग्रेस
(C सोशलिस्ट (D) स्वतंत्र

**57. हुई वीरता की वैभव के साथ सगाई झाँसी में प्रस्तुत पंक्ति में वैभव किसका प्रतीक है ?**

(A) लक्ष्मीबाई (B) झाँसी के राजा का
(C नाना साहेब का (D) शिवाजी का

**58. 'सुदामा चरित' किस भाषा में लिखी गई है ?**

(A) अवधी (B) व्रजभाषा
(C मगही (D) खड़ीबोली

**59. लेखक को पेट दर्द से रात में कितने बजे नींद खुली ?**

(A) 1 बजे (B) 2 बजे
(C 3 बजे (D) 4 बजे

**60. लक्ष्मीबाई का बचपन किस प्रकार से बीता ?**

(A) लड़ाई में (B) भजन करते
(C युद्ध कौशल अभ्यास में (D) खेल-कूद में

**61. सुदामा और कृष्णा क्या थे ?**

(A) बाल सखा (B) युवा दुश्मन
(C भगवान (D) दरिद्र जनता

By Ashfaque Sir
A A Online Solution

**62. कटक शब्द का अर्थ होता है ?**

(A) काल (B) दुश्मन

(C कांटा (D) कलंक

**63. कविता के केंद्र में क्या है ?**

(A) पीपल (B) नदी

(C झरना (D) पक्षी

**64. विक्रमशिला की स्थापना कब हुई ?**

(A) 18वीं सदी में (B) 8वीं सदी में

(C 10वीं सदी में (D) 20वीं सदी में

**65. 'जो कुछ नहीं जानता है' के लिए एक शब्द क्या है ?**

(A) सर्वज्ञ (B) अल्पज्ञ

(C अज्ञ (D) बहुज्ञ

**66. इनमे से कौन स्त्रीलिंग नहींहै ?**

(A) सूचना (B) कल्पना

(C आकास (D) परीक्षा

**67.'मेरी परीक्षा की तिथि आ गई है' स्त्रीलिंग कौन है ?**

(A) तिथि (B) परीक्षा

(C दोनों पुलिंग है (D) दोनों स्त्रीलिंग है

**68. कवि का स्त्रीलिंग शब्द है –**

(A) कवयित्री (B) कवियित्री

(C कवियत्री (D) कवित्री

**69. सर्वनाम के कितने भेद होते है ?**

(A) दो (B) तीन

(C छः (D) पाँच

**70. 'रोहन पटना जाएगा' में काल है -**

(A) वर्तमान काल (B) भूतकाल

(C भविष्यतकाल (D) इनमे से कोई नहीं

**71. निम्नलिखित में तत्सम शब्द है -**

(A) अश्रु (B) आसू

(C केला (D) आग

**72. वर्णों या ध्वनियों के सार्थक मेल को ............ कहते?है**

(A) संज्ञा (B) सर्वनाम

(C शब्द (D) वाक्य

**73. 'के लिए' किस कारक का चिन्ह है ?**

(A) कर्म (B) संबंध

(C सम्प्रदान (D) अपादान

**74. पेड़ से पत्ते गिरते है – इस वाक्य में 'से' किस कारक का चिन्ह है ?**

(A) कर्म (B) सम्प्रदान

(C अपादान (D) अधिकरण

**75. 'कोई रो रहा है 'वाक्य में 'कोई' कौन-सा सर्वनाम है ?**

(A) पुरुषवाचक (B) निश्चय वाचक

(C अनिश्चय वाचक (D) प्रश्न वाचक

**76. 'उसका चेहरा गोल है वाक्य में 'गोल' कौन-सा विशेषण है ?**

(A) संख्यावाचक (B) गुणवाचक

(C परिमाणवाचक (D) सार्वनामिक विशेषण

**77. पहाड़........... संज्ञा है |**

(A) जातिवाचक संज्ञा (B) व्यक्तिवाचक संज्ञा

(C भाववाचक संज्ञा (D) समूहवाचक संज्ञा

**78. 'क्ष' ध्वनी किसके अंतर्गत आती है ?**

(A) मूल स्वर (B) घोषवर्ण

(C संयुक्त वर्ण (D) तालव्य

**79. इनमे से उत्तम पुरुष कौन है ?**

(A) तुम (B) मैं

(C वह (D) वे लोग

**80. निम्नलिखित वाक्यों में कौन-सा वाक्य अशुद्ध है ?**

(A) मेरी किताब नहीं है (B) राधा ने पानी पिया है

(C सीता का परीक्षा हो गाया है (D) अशोक रो रहा है

**81. निम्नलिखित शब्द में कौन-सा शब्द शुद्ध है ?**

(A) भुतकाल (B) परिक्षा

(C अनुकूल (D) परवत

**82. विशेषण के कितने भेद है ?**

(A) 1 (B) 2

(C 3 (D) 4

**83. ऊँगली उठाना का मुहावरा का अर्थ क्या है ?**

(A) मुंहतोड़ जवाब देना (B) अपनाम करना

(C दोष लगाना (D) धोखा देना

**84. उचित का विलोम शब्द चयन करें |**

(A) निषाद (B) नास्तिक

(C अनिष्ट (D) अनुचित

**85. ' नदी' का पर्यायवाची शब्द निम्न में कौन है ?**

(A) सागर (B) जलधि

(C भागीरथी (D) पयोधि

**86.मूल्यवान शब्द में कौनसा प्रत्यय है**

(A) गाड़ी (B) वान

(C न (D) अन

**87. प्रत्याशा का संधि – विच्छेद है ?**

(A) प्रति + आशा (B) प्रति + आश

(C प्रति +एक (D) प्रति + ऐसा

BY Ashfaque Sir
A Online Solution

**88. ‘ इत्यादि’ का संधि – विच्छेद क्या है ?**

(A) इत्य + आदि (B) इति+ आदी

(C इति + आदि (D) इत्य + दि

**89. व्यंग का अर्थ है -**

(A) बुद्धिमान (B) विकलांग

(C प्रतिज्ञा (D) श्रद्धालु

**90.उत्थान का विलोम है -**

(A) पतन (B) नमन

(C गमन (D) रमण

**91. ‘आय व्यय’ कौन सा समास है ?**

(A) द्वंद् (B) द्विगु

(C तत्पुरुष (D) कर्मधारय

**92. द्विगु समास का उदाहरण कौन नहीं है ?**

(A) पंचदेव (B) त्रिशूल

(C दानवीर (D) अठन्नी

**93. तंत्र से कौन सा शब्द नहीं निर्माण होगा ?**

(A) राजतंत्र (B) प्रजातंत्र

(C त्रुटी (D) स्वतंत्र

**94. ‘आँखों का तारा’ मुहावरे का अर्थ क्या है ?**

(A) बहुत कमजोर (B) बहुत आलसी

(C बहुत दुखी (D) बहुत प्यारा

**95. ‘जिसका शत्रु न जनमा हो’ के लिए एक शब्द है ?**

(A) अवर्णनीय (B) औरस

(C द्विज (D) अजातशत्रु

**96. नीचे लिखे शब्दों में कौन-सा शब्द शुद्ध है ?**

(A) पर्याप्त (B) प्रयाप्त

(C अनुसरन (D) सम्राज्य

**97. एड़ी - चोटी में ........समास है -**

(A) कर्मधारय (B) बहुव्रीहि

(C तत्पुरुष (D) द्वंदु

**98. ‘जल ’का पर्यायवाची शब्द नहीं है-**

(A) नीर (B) निपुण

(C अम्बु (D) सलिल

**99. इनमे से कौन निजवाचक सर्वमान है ?**

(A) ये उसकी किताब है (B) तुम कैसे हो?

(C मैं अपना काम स्वयं करूँगा I (D) कोई वहां रो रहा है

**100. निम्नलिखित में कौन सर्वनाम है ?**

(A) राजेन्द्र (B) पुस्तक

(C मै (D) सीता

## खण्ड – अ

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1. निम्नलिखित गद्यांशों में से एक गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है:**

**5 x 2 = 10**

(क) आत्मनिर्भरता प्रगति की आधारशिला है और आत्मविश्वास का मूल है। जो व्यक्ति समाज में सारे कार्य स्वयं करता है, जरूरत पड़ने पर दूसरों की सहायता करता है, वह उन्नति की दौड़ में सबसे आगे रहता है। अपने दैनिक जीवन के सारे कार्य स्वयं ही करना मनुष्य के लिए अत्यावश्यक है। अपने कार्य के लिए दूसरे पर निर्भर रहने वाला व्यक्ति उन्नति नहीं कर सकता। सौंपे गए कार्य को पुनीत दायित्व समझकर करना चाहिए, इससे व्यक्ति स्वावलंबी बनता है। स्वावलंबी व्यक्ति सिंह के समान परिश्रमी होता है एवं सामाजिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होता है। उसे धन की कमी नहीं रहती। वह अपनी ही भुजाओं से सारी सुख-सुविधाओं को जुटाने में सक्षम होता है।

प्रश्न- (i) व्यक्ति की प्रगति की आधारशिला क्या है?

(ii) उन्नति की दौड़ में सबसे आगे कौन रहता है?

(iii) व्यक्ति आत्मनिर्भर कब बनता है?

(iv) सामाजिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ कौन होता है?

(v) अपनी भुजाओं से सुख-सुविधाएँ जुटाने में कौन सक्षम होता है?

**अथवा**

(ख) प्रेमचन्द को हिन्दी जगत में कथा-सम्राट के नाम से जाना जाता है। उन्होंने हिन्दी कहानी को नयी दिशा एवं दशा प्रदान की। उनकी दृष्टि समाज-सापेक्ष थी। वे सामान्य जन के दुःखों व समस्याओं को गंभीरता से समझते थे। उनकी कहानियों में ग्राम्य जीवन तथा संस्कृति की विशिष्ट छाप मिलती है। उनका विचार था कि भारत का विशाल जन समूह गाँवों में निवास करता है। अतः उनके जीवन को समझकर उसे अभिव्यक्त करना आवश्यक है। प्रेमचंद की कहानियों की सूची लंबी है, जिनकी संख्या तीन सौ से ऊपर है। ये कहानियाँ 'मानसरोवर' में संकलित हैं। कहानियों के अतिरिक्त इन्होंने उपन्यास, नाटक, निबंध आदि विधाओं में भी उत्कृष्ट साहित्य दिया। इनकी रचनाओं में आदर्श और यथार्थ तो हैं ही, पारिवारिक संबंध, नई ग्रामीण-संस्कृति में पंचों की भूमिका के साथ गाँधीवाद का पुट लिए झलकती है ।

प्रश्न- (i) प्रेमचन्द की कहानियों में किसकी छाप मिलती है?

(ii) प्रेमचन्द की कहानियों की संख्या कितनी है?

(iii) कहानी के अतिरिक्त प्रेमचन्द ने और क्या-क्या लिखा?

(iv) प्रेमचन्द की कहानियाँ कहाँ संकलित हैं?

BY Ashfaque Sir
A A Online Solution

(v) प्रेमचन्द की रचनाओं की विशेषता क्या है?

2. निम्नलिखित गद्यांशों में से एक गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है: 5 x 2 = 10

(क) शिवाजी महाराज एक दिन अपने सेनापति का रास्ता देख रहे थे। वह आया तो उसके हाथ में कुरान शरीफ थी और बंगल में थी एक डोली। बोला "छात्रपति ! आज मुगल-सेना दूर तक खदेड़ दी गयी। बेचारा बहलोल भाग गया जान बचाकर। उसकी बीबी अपनी सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है। उसी को हम पकड़ लाये हैं, आपकी सेवा के लिए और यह है कुरान शरीफ।" छत्रपति ने कुरान को लेकर चूमा। फिर डोली के पास आकर बहलोल की बेगम को बाहर आने को कहा। उसे देखकर शिवाजी बोले-"सचमुच तू बड़ी ही सुंदर है। काश, मैं तेरे पेट से पैदा हुआ होता तो मैं भी कुछ सुंदरता पाजाता।" फिर दूसरे अधिकारी को बुलाकर कहा-आप इस बेगम को और कुरान शरीफ को पूरे आदर और सम्मान के साथ बहलोल खाँ को सौंप आइए ।"
उसके चले जाने के बाद शिवाजी अपने सेनापति पर बुरी तरह बिगड़े-"आप इतने दिन मेरे साथ हैं और आप मुझे पहचान नहीं पाये? यह कौन बहादुरी है कि दूसरों की बहू-बेटियों की इज्जत लूटी जाय? उनके धर्मग्रंथों की होली जलायी जाय? वीरों को ऐसी चीजें कभी शोभा देती हैं?" बहलोल खाँ ने जब बेगम को आदर से वापस आते देखा और कुरान शरीफ की इज्जत होती देखी तो वह पानी-पानी हो गया। उसने प्रार्थना की शिवाजी से मिलने की। मिलने के बाद बोला-"शिवाजी, तू फरिश्ता है, फरिश्ता" वह उनके पैरों पर गिरने लगा तभी शिवाजी ने पकड़कर उसे गले लगा लिया।

प्रश्न- (i) शिवाजी किसका रास्ता देख रहे थे?
(ii) सेनापति के हाथ में क्या था?
(iii) जान बचाकर कौन भाग गया?
(iv) शिवाजी का सेनापति किसकी पत्नी को पकड़ लाया था?
(v) बहलोल ने शिवाजी को क्या कहा?

**अथवा**

(ख) सत्यजीत राय बंगाल के एक कला प्रेमी और विद्याव्यसनी सम्मानित परिवार में पैदा हुए थे। उनके पितामह उपेंद्र किशोर राय एक वैज्ञानिक, संगीतकार, चित्रकार, लेखक और प्रकाशक थे। उन्होंने बच्चों के लिए कहानियाँ लिखीं थीं। जो खूब प्रसिद्ध हुई थीं। राय के पिता सुकुमार राय बंगला के एक प्रतिभाशाली लेखक थे और उनकी माँ एक असाधारण गायिका थीं। सत्यजीत राय ने रवीन्द्रनाथ के संसर्ग में शांति निकेतन में ललित कलाओं की शिक्षा प्राप्त की थी और वहीं अनेक कलाविदों से उनका संपर्क भी हुआ था। विश्वविख्यात फ्रांसीसी सिने निर्देशक ज्याँ रेनुआ से प्रेरणा और प्रोत्साहन पाकर फिल्म निर्माण की दिशा में वे अग्रसर हुए। नौकरी के सिलसिले में लंदन प्रवास में उन्होंने संसार की अनेक महान फिल्में देखीं। 'पथेर पांचाली' घोर आर्थिक संघर्षों के बीच तीन वर्षों में बनकर तैयार हुई। बंगाल सरकार ने भी इनको थोड़ी बहुत मदद की। फिल्म में ग्रामीण जीवन की विस्मयजनक वास्तविकता मूर्त हो उठी है। इस फिल्म को 'कान' में 'उत्कृष्ट मानवीय दस्तावेज' कहकर विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया।

प्रश्न (i) सत्यजीत राय कहाँ पैदा हुए थे?
(ii) सत्यजीत के पितामह का क्या नाम था?
(iii) सत्यजीत राय की माँ क्या थीं?
(iv) सत्यजीत राय किसके संसर्ग में ललित कला की शिक्षा प्राप्त की?
(v) सत्यजीत राय की किस फिल्म को सम्मानित किया गया?

3. निम्नलिखित में से किसी **एक विषय** पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग **250 - 300** शब्दों में निबंध लिखें: 1 x 10 = 10

( क ) पुस्तकालय
( i ) भूमिका
( ii ) महत्व
( iii ) प्रकार
( iv ) लाभ
( v ) उपसंहार ।

( ख ) बेरोजगारी
( i ) अभिप्राय
( ii ) समस्या
( iii ) कारण
( iv ) समाधान ।

( ग ) स्त्री शिक्षा
( i ) भूमिका
( ii ) आवश्यकता
( iii ) समानाधिकार
( iv ) सही दिशा
( v ) उपसंहार ।

( घ ) वर्षा ऋतू

( i ) भूमिका

( ii ) कारण

( iii ) लाभ या हानी

( iv ) उपसंहार।

( ड़ ) बाल मजदूरी

( i ) भूमिका

( ii ) वर्षा ऋतू का वर्णन

( iii ) अल्पवृष्टि एवं अतिवृष्टि का कुप्रभाव-

( iv ) लाभ या हानी

( v ) उपसंहार।

4. अपना इलाज कराने हेतु छुट्टी लेने के लिए प्रधानाध्यापक के पास एक आवदेन पत्र. लिखें। 1 x 5 = 5

**अथवा**

जल-प्रदूषण के विषय पर दो छात्रों के बीच संवाद लिखें।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक का लगभग **20 - 30** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है :

(क) हामिद मिठाई या खिलौने के बदले चिमटे का चयन करता है क्यों?

( ख) बालगोबिन भगत गृहस्थ थे। फिर भी उन्हें साधु क्यों कहा जाता था?

(ग) सिरचन को पान का बीड़ा किसने दिया?

(घ) ईर्ष्या को अनोखा वरदान क्यों कहा गया है?

(ड़) 4 जनवरी, 1997 को संजू ने अपनी डायरी में क्या लिखा?

(च) मैट्रिक के बाद उच्च शिक्षा के लिए उन्हें कहाँ और किस प्रकार जाना पड़ता था?

(छ) सुदामा को कुछ न देकर उनकी पत्नी को सीधे वैभव सम्पन्न करने का क्या औचित्य था?

(ज) लेखक ने वैद्य और हकीम पर क्या-क्या कहकर व्यंग्य किया है? उनमें से सबसे तीखा व्यय किस पर है? उल्लेख कीजिए।

(झ) कर्मवीर किसे कहा जा सकता है?

(ञ) द्वारपाल ने श्रीकृष्ण से सुदामा के रूप-स्वरूप का जो वर्णन किया है उसको अपने शब्दों में लिखें।

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दें : 1 x 5 = 5

(क) कर्पूरी ठाकुर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालें।

(ख) निम्नलिखित पंक्तियों का अर्थ लिखिए:

"कानन का यह तरुवर पीपल
युग-युग से जग में अचल, अटल
ऊपर विस्तृत नभ नील-नील नीचे वसुधा में
नदी, झील
जामुन, तमाल, इमली, करील
जल से ऊपर उठता मृणाल फुनगी पर खिलता कमल लाल
तिर-तिर करते क्रीड़ा मराल।"

**BEST OF LUCK**

By Ashfaque Sir
A A Online Solution